

# चौराहे पर चले लात और घूसे, वीडियो वायरल



**खास बातें**

- एएसआई और युवक के बीच हुई मारपीट
- लोकायुक्त ने एएसआई संजय सिंह को पकड़ा था
- वर्तमान में राजगढ़ में पदस्थ हैं संजय सिंह



नवभारत न्यूज

**विदिशा 31 मार्च, सिविल लाइन थाने में तैनात रहे एएसआई संजय सिंह और करैयाखेड़ा रोड निवासी विक्रम के बीच चल रहे पुराने विवाद में नये विवाद का मामला एक बार फिर सामने आया है.मंगलवार को सोशल मीडिया पर बायरल हुये दो अलग अलग वीडियो में दोनों के बीच जमकर मारपीट होती देखी जा रही है.यह वीडियो अहमदपुर चौराहा स्थिति बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा के पास का बताया जा रहा है.**

तेजी से बायरल हुये इस वीडियो की जानकारी पुलिस आला अधिकारियों तक पहुंच चुकी है. जिसके बाद दोनों पक्षों पर मारपीट समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज करने बात सामने आ रही है. हालांकि पूरे मामले को पुलिस ने जांच में ले लिया है.जहां एक वीडियो करीब 6 मिनट 10 सेकंड का बताया जा रहा है जो किसी सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हुआ है. वहीं दूसरा वीडियो 47 सेकंड का है जिसे एक प्रत्यक्षदर्शी ने रिकार्ड किया है.एएसआई संजय सिंह और विक्रम के बीच लम्बे समय से विवाद चल रहा है और दोनों कई बार एक दूसरे से आमना सामना होने पर विवाद भी कर चुके हैं.

### यहां से हुई थी विवाद की शुरुआत

सूत्रों की माने तो कुछ महीने पहले जहां सिविल लाइन थाने में पदस्थ एएसआई संजय सिंह ने विक्रम के खिलाफ लूट समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया था. जबकि इसी मामले में विक्रम ने कहा था कि उसने कोई लूट की वारदात को अंजाम नहीं दिया है जिस सख्श को पैसे दिये थे, उससे पैसे वापिस लिये हैं.एएसआई संजय सिंह ने झूठी साजिश रखकर लूट का मामला दर्ज कर लिया था.इसके बाद से ही दोनों के बीच टशन पैदा हो गया. इसी टशन में विक्रम ने एएसआई संजय सिंह की शिकायत लोकायुक्त में दर्ज करायी थी जिसके बाद लोकायुक्त की टीम ने संजय सिंह को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों ट्रप किया था. जिसके बाद संजय सिंह को सस्पेंड कर लाइन हाजिर कर दिया गया था. बताया गया कि वर्तमान में संजय सिंह राजगढ़ में पदस्थ है और वहां से वह वापस विदिशा में देखे गये. जबकि दूसरी तरफ विक्रम का कहना है कि संजय सिंह के इशारे पर कुछ पुलिस कर्मी उसे परेशान करते आ रहे हैं. जिसके चलते उसने विदिशा से भोपाल सीएम हाउस तक पैदल यात्रा भी निकाली थी.मंगलवार की दोपहर को जैसे ही वीडियो वायरल हुये और इसकी भनक पुलिस अधिकारियों तक पहुंची जिसके बाद मामले को जांच में ले लिया गया. जिसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में भी की गयी है.वहीं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया जा सकता है.

# विदिशा में एमएसपी पर चना खरीदी शुरू

**विधायक मुकेश टंडन ने किया शुभारंभ**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 31 मार्च, शासन के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में समर्थन मूल्य एमएसपी पर चना उपार्जन कार्य का विधिवत शुभारंभ हो गया है . इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने एमपीडब्ल्यूएलसी वेयरहाउस, पठारी हवेली परिसर स्थित उपार्जन केंद्र पर पहुंचकर इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे की पूजा-अर्चना कर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की .**

कार्यक्रम के दौरान पंजीकृत महिला कृषक श्रीमती गुलाब बाई तिवारी ग्राम जैतपुरा के प्रतिनिधि का विधायक द्वारा फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया. जिले में समर्थन मूल्य पर चना बेचने वाली प्रथम महिला कृषक के रूप में श्रीमती तिवारी ने ढाई क्विंटल चना विक्रय कर शुरुआत की .इस मौके पर विधायक ने कहा कि वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में आगे बढ़ाते हुए किसानों को लाभकारी खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है . उन्होंने बताया कि किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे खेती को फायदे का व्यवसाय बनाया जा सके .उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भावांतर भुगतान योजना लागू किए जाने तथा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से एमएसपी दरों में वृद्धि सहित कई योजनाओं का लाभ किसानों को मिल रहा है .किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक के.एस. खपड़िया ने जानकारी दी कि जिले में चना उपार्जन के लिए 18 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि 30 अन्य केंद्र प्रस्तावित हैं . चना विक्रय हेतु 30,403 किसानों ने पंजीयन कराया है . वहीं मसूर के लिए 25,234 किसानों तथा भावांतर योजना के तहत सरसों विक्रय हेतु 5,861 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जिनकी खरीदी कृषि उपज मंडियों में की जाएगी .उल्लेखनीय है कि उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित रंगई द्वारा एमपीडब्ल्यूएलसी वेयरहाउस, पठारी हवेली परिसर में संचालित किया जा रहा है . कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के उपायुक्त, कृषि विभाग के सहायक संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे .

**एक नजर में**

### एनएसएस शिविर में खेलों के माध्यम से सीखा भाईचारा

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम हाँसुआ में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है . शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने खेल गतिविधियों के माध्यम से भाईचारे का संदेश दिया . इस दौरान विद्यार्थियों ने रूमाल झपट्टा सहित कई पारंपरिक खेल खेले, जिससे आपसी सहयोग और टीम भावना को बढ़ावा मिला . वहीं विद्यार्थियों द्वारा ग्राम में एचआईवी-एड्स जैसी गंभीर बीमारियों और रक्तदान के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया . रैली, नुक्कड़ नाटक और समूह चर्चा के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया .बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता समाजसेवी एवं इतिहासकार गोविंद देवलिया ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और यही व्यक्ति को महान बनाती है . विरासत ग्रुप के सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने मजबूत नींव के उदाहरण से विद्यार्थियों को अपने भविष्य को सुदृढ़ बनाने की प्रेरणा दी .

### मुनिश्री की आशीर्वाद शोभायात्रा में हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** महावीर जयंती के अवसर पर सोमवार को विधायक उमाकांत शर्मा ने जैन समाज द्वारा आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की . उन्होंने कठाली बाजार स्थित चन्द्रप्रभु जिनालय जैन मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए.

# राशन न मिलने से भड़के ग्रामीण, रायसेन रोड पर किया चक्काजाम

**फरवरी से गेहूं वितरण बंद, प्रशासन ने जांच के दिए आदेश**




नवभारत न्यूज

**सांची, थाना सांची क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेढ़की में शासकीय उचित मूल्य दुकान से फरवरी माह से गेहूं वितरण नहीं होने पर हितग्राहियों का गुस्सा फूट पड़ा. आक्रोशित ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में रायसेन रोड पर चक्का जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन बाधित हो गया.**

सूचना मिलते ही सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी और सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी अपने-अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने समझाइश देकर जाम खुलवाया, लेकिन ग्रामीणों की नाराजगी को देखते हुए प्रशासन को तत्काल सूचित किया गया.ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम मेढ़की स्थित उचित मूल्य दुकान से पंचायत के पांच गांव—मेढ़की, रतनपुर, खामखेड़ा, बहेड़िया सहित अन्य गांवों के हितग्राही राशन प्राप्त करते हैं, लेकिन फरवरी माह से अब तक अनाज वितरण नहीं किया गया. दुकान संचालकों द्वारा भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ता गया.मौके पर पहुंचे रायसेन एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी तथा सांची नायब तहसीलदार ललित सक्सेना ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं. अधिकारियों ने उचित मूल्य दुकान में अनियमितता की जांच कराने तथा दोषी संचालक के विरुद्ध कार्रवाई का भरोसा दिलाया. एसडीएम द्वारा जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं.ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही राशन वितरण शुरू नहीं हुआ तो वे पुन: आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.राशन जैसी मूलभूत जरूरत पर लापरवाही ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

## कुशवाह समाज ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** कुशवाह समाज तहसील सिरोंज के लोगों ने गत वर्ष प्रसूता कल्पना कुशवाह एवं उसके बच्चे की मौत के मामले में आरोपी चिकित्सक पर कार्यवाही की मांग को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा को एक ज्ञापन सौंपा. इस दौरान उन्होंने आरोपी चिकित्सक पर कार्यवाही तथा जनहित में संबंधित हॉस्पिटल की जांच कर उसका संचालन बंद किये जाने की कार्यवाही करने की मांग की. इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे.

## एसपी कार्यालय पहुंची महिला, पति की संदिग्ध मौत पर लगाया हत्या की साजिश का आरोप

नवभारत न्यूज

**विदिशा 31 मार्च, विदिशा में एक महिला ने अपने पति की मौत को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है.महिला का कहना है कि उसके पति की मौत कोई हादसा नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश का परिणाम है.**

शिकायत के अनुसार, घटना 26 मार्च 2026 की सुबह की है, जब पारिवारिक विवाद के चलते महिला के चाचा ससुर और उनके पुत्र ने घर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट की.महिला ने आरोप लगाया कि उस समय आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसके पति की जान बचाई थी.महिला का आरोप है कि कुछ समय बाद उसका पति खेत पर लकड़ी काटने गया, जहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने फिर विवाद किया और धक्का दे दिया.इससे उसका पति हाई वोल्टेज बिजली लाइन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई.घटना के बाद परिजन घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. महिला का कहना है कि यह पूरी घटना सुनियोजित हत्या है, जिसे हादसे का रूप देने की कोशिश की जा रही है.पीड़िता ने एसपी से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

# अहिंसा परमो धर्म की जय के नारों से गूंजा शहर

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्मकल्याणक महोत्सव पर नगर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत माहौल देखने को मिला . सकल जैन समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अहिंसा परमो धर्म की जय और त्रिशलानंदन वीर की जय बोलो महावीर की जैसे जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा .**

चैत माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन आयोजित इस भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय महावीर विहार से हुआ . यात्रा महावीर मार्ग, सुभाष चौक, जय स्तंभ चौक, सावरकर चौक होते हुए गांधी चौक स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची .शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया एवं पुरुष सफेद वस्त्रों में नजर आए . अग्रिम पंक्ति में मंगल प्रतीक अष्टप्रातिहार्य चल रहे थे, वहीं जैन बाल पाठशालाओं के बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक झांकियां सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थीं . महिला मंडलों ने भी अपने विशेष ड्रेस कोड में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर शोभायात्रा को भव्य स्वरूप दिया .अश्व रथ पर सवार होकर सौधर्म इंद्र की अगवानी की गई, वहीं युवाओं ने भजन, नृत्य और जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बनाए रखा . शोभायात्रा के अंत में भगवान महावीर स्वामी चांदी के विमान में विराजमान होकर नगर भ्रमण करते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे थे .नगरवासियों ने अपने-अपने घरों के बाहर रंगोली सजाकर और दीप प्रज्वलित कर भगवान की आरती की . विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया .शोभायात्रा का समापन गांधी चौक स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ, जहां भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं शांति धारा की गई . महावीर जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर समिति द्वारा मिष्ठान वितरण भी किया गया .कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, सफाई एवं यातायात व्यवस्था में प्रशासन और पुलिस का विशेष सहयोग रहा . शाम के समय नगर के सभी जिनालयों में मंगल आरती हुई तथा जैन पाठशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं .

## बिशनपुर में नि :शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष केंद्र मसूदपुर द्वारा शनिवार, 28 मार्च 2026 को ग्राम बिशनपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया . शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दर्शना रघुवंशी एवं डॉ. अरविंद कनौजिया ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाइयां प्रदान कीं .शिविर में कुल 74 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया . इस दौरान विशेष रूप से वृद्धजनों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई, वहीं बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई .डॉक्टरों ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ के चलते गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सतर्क रहना आवश्यक है .

# भविष्य पर सियासी साया, वादों के अंधेरे में डूबा स्टेडियम



नवभारत न्यूज

**विदिशा. शहर में खेल सुविधाओं की बदहाल स्थिति अब खिलाड़ियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है . प्रशासनिक अनदेखी और राजनीतिक आयोजनों के चलते स्टेडियम की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है .**

जानकारी के अनुसार 17 जनवरी को एक केंद्रीय मंत्री के आगमन के दौरान स्टेडियम परिसर में हेलीपैड बनाने के लिए बिजली के खंभे उखाड़ दिए गए थे . आयोजन के बाद उन्हें दोबारा लगाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक खंभे नहीं लगाए गए हैं . इसके चलते शाम होते ही पूरा मैदान अंधेरे में डूब जाता है.खिलाड़ियों का कहना है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नियमों के अनुसार खेल परिसरों में राजनीतिक या सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनुमति नहीं है, इसके बावजूद नियमों की अनदेखी की गई.अंधेरे में अभ्यास करने को मजबूर खिलाड़ियों को चोट और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है . स्थानीय खिलाड़ी पंकज भार्गव सहित अन्य खिलाड़ियों ने कई बार प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है.स्थिति केवल मैदान तक सीमित नहीं है . मल्टीपर्पज हॉल में स्थित जिम भी आग लगने के बाद से महीनों से बंद पड़ा है . न तो मशीनों की मरम्मत की गई और न ही जिम को फिर से शुरू किया गया है.खिलाड़ियों का सवाल है कि क्या प्रशासन केवल वीआईपी कार्यक्रमों तक ही सीमित रह गया है .

# राजयोग से महान व्यक्तित्व बनीं दादी जानकी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवाकेंद्र द्वारा ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी जी का पुन्य स्मृति दिवस वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया.**

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने दादी जी के जीवन और उनकी अनमोल शिक्षाओं को याद करते हुए कहा कि दादी ने राजयोग के अभ्यास से स्वयं को इतना परिपक्व, शक्तिशाली, महान और आदर्शवान बनाया कि उनका एक-एक वाक्य महावाक्य बन गया.उन्होंने बताया कि दादी जानकी जी मात्र चौथी कक्षा तक शिक्षित थीं, लेकिन उन्होंने 46 हजार बहनों की अलौकिक मां बनकर उनका मार्गदर्शन किया. 103 वर्ष की आयु में भी वे प्रतिदिन लगभग 12 घंटे विश्व सेवा में सक्रिय रहती थीं और ब्रह्ममुहूर्त में प्रात: 4 बजे से ध्यान में लीन हो जाती थीं.दादी जानकी जी के नाम 'विश्व की सबसे स्थिर मन वाली महिला' का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है.

## तस्करी रोकने विभाग अलर्ट

**गुना।** मादक पदार्थों की रोकथाम और विभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# टीईटी के विरोध में एकजुट हुए शिक्षक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय के विरोध में, जिसमें शिक्षा के अधिकार नियम के तहत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य की गई है, मध्य प्रदेश के शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर आंदोलन का ऐलान किया है.

शिक्षक संगठनों का कहना है कि यह नियम वर्ष 2010 में लागू हुआ था, इसलिए टीईटी की अनिवार्यता केवल 2010 के बाद नियुक्त शिक्षकों पर ही लागू की जानी चाहिए .

**विकास**

**केंद्रीय पर्यटन मंत्री से मुलाकात, 6-8 महीने में समाधान का आश्वासन**

# पुरातत्व विभाग की अड़चन से विकास थमा, नगर परिषद ने दिल्ली में उठाई आवाज



नवभारत न्यूज

**सांची, विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल सांची में विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को लेकर नगर परिषद अब सीधे केंद्र सरकार के समक्ष पहुंची है . नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम के नेतृत्व में पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली पहुंचा और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर पुरातत्व विभाग की कार्यप्रणाली से उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराया .इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे . प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें भी नगर की स्थिति से अवगत कराया .**

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना, पुरातत्व विभाग की आपत्तियों के कारण जमीन पर लागू नहीं हो पा रही हैं . इससे हजारों हितग्राही लाभ से वंचित हैं और कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं .नगर परिषद ने पर्यटन मंत्री को अवगत कराया कि ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के नाम पर पुरातत्व विभाग मनमाने तरीके से सीमाएं निर्धारित कर विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहा है . जबकि पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा सीमाएं स्पष्ट की जा चुकी हैं, इसके बावजूद सड़क, बिजली और जल निकासी जैसे बुनियादी कार्य प्रभावित हो रहे हैं .स्थानीय लोगों में विभाग के प्रति लंबे समय से आक्रोश है . उनका कहना है कि नियमों की स्पष्टता के अभाव में पुरातत्व विभाग कभी भी किसी भी क्षेत्र को अपनी सीमा बताकर कार्य रोक देता है, जिससे भय और असमंजस की स्थिति बनी रहती है .केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 6 से 8 महीने के भीतर समाधान का आश्वासन दिया . इस पर नगर परिषद ने आभार व्यक्त किया है .अब केंद्रीय स्तर पर उठी आवाज के बाद सांची को विकास की राह मिलने की उम्मीद और मजबूत हो गई है .

# न्यायालय के साथ सड़क पर भी होगा संघर्ष

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पृथ्वीसिंह रघुवंशी ने स्पष्ट कहा है कि अब शिक्षक वर्ग अपनी मांगों को लेकर न्यायालय के साथ-साथ सड़क पर भी संघर्ष करेगा . उन्होंने बताया कि मोर्चा के गठन के साथ ही यह निर्णय लिया गया है कि सरकार से री-पिटीशन दायर करवाने तक आंदोलन जारी रहेगा.**

रघुवंशी ने बताया कि टीईटी परीक्षा निरस्त करने और प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना लागू करने की मांग को लेकर प्रदेश स्तर पर संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया है . इसमें विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रदेश अध्यक्षों की सहभागिता और समर्थन प्राप्त है .मोर्चा ने चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा भी तय की है . इसके तहत 8 अप्रैल 2026 को जिला स्तर पर कार्यक्रम, 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन और 18 अप्रैल को भोपाल में सामूहिक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा .बैठक के दौरान मोर्चा के राकेश दुबे ने लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के.के. द्विवेदी की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए कहा कि न्यायालय द्वारा परीक्षा हेतु दो वर्ष का समय दिए जाने के बावजूद जल्दबाजी में आदेश जारी किए गए . उन्होंने ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी उठाई .बैठक में शासकीय शिक्षक संगठन, आजाद अध्यापक संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, राज्य शिक्षक संघ, राज्य शिक्षक कांग्रेस, ट्रायबल वेलफेयर एसोसिएशन सहित कई संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे .कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र कौशल ने किया . बैठक में जिले के पृथ्वीसिंह रघुवंशी, केशव रघुवंशी, चंद्रभूषण किरार, के.जी. राय, विनोद श्रीवास्तव, सुनील रघुवंशी, सुदामा प्रसाद शर्मा, राजा भैय्या गुर्जर, अरुण रघुवंशी, दीपक नामदेव, संजय अहिरवार और रामबाबू रघुवंशी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे .